तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 12 मई 2024



11 मोहान में भागवत कथा समापन ...





12 गुड्डे-गुड़ियां को थाल पर रख टिकावन लेने पहुंचे बच्चे






## खबर संक्षेप

### विद्युत केंद्र से एक लाख का सामान पार

**रायपुर।** सिलयारी विद्युत केंद्र में चोरी हो गई। अज्ञात चोर 4 मई की रात में विद्युत केंद्र में प्रवेश कर ट्रांसफार्मर, ऑयल सहित अन्य बिजली के सामान चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत 1 लाख 15 हजार रुपए आंकी गई है। घटना की रिपोर्ट विद्युत केंद्र के धीरेंद्र कुमार सिंह ने धरसींवा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के विरुद्ध धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### सूने मकान में धावा 80 हजार की चोरी

**रायपुर।** कौशल्या माता विहार सेक्टर-2 में एक सूने मकान में चोरी हो गई। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी हेमंत निर्मलकर ने टिकरापारा थाने में दर्ज कराई है। घटना 7 मई की शाम से 9 मई की रात 8 बजे के दरमियान की है। इस दौरान प्रार्थी का पूरा परिवार बाहर गया था। घर में ताला लगा हुआ था। परिवार वापस लौटा तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा पाया। अंदर जाकर देखा तो आलमारी से नकदी 20 हजार रुपए एवं लगभग 60 हजार रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

### जबरन घर में प्रवेश, सो रहे व्यक्ति पर हमला

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने सोते हुए व्यक्ति पर हमला करने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थिया सुमन चेलक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 9 मई को दोपहर में उसके पिता घर में सो रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति उसके घर में जबरन प्रवेश किया और उसके पिता पर किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया।

### शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो पीटा, 2 पर केस दर्ज

**रायपुर।** शराब खरीदने के लिए पैसे नहीं देने की बात पर मारपीट करने वाले दो लोगों के विरुद्ध सरस्वती नगर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी सोहन वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 मई की रात करीब साढ़े आठ बजे गांधी नगर पंडरी में आरोपी हसन खान और आसिफ खान ने उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। जब उसने इनकार कर दिया तो इस बात पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान एक आरोपी ने किसी नुकीली चीज से मारकर उसे घायल कर दिया।

### बाइक की ठोकर से घायल हुए शख्स की मौत

**महासमुंद।** सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के पलसाभाड़ी रोड पानी टंकी के पास पैदल चल रहे खगेश मिरी को बाइक चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे शासकीय अस्पताल सरायपाली ले जाया गया, डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गिरौदपुर स्कूल में फर्जी अंक सूची का मामला आरटीआई से उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

शासकीय प्राथमिक शाला गिरौदपुरी में फर्जी अंकसूची बनाने मामला उजागर हुआ है। स्कूल में कक्षा पांचवी व आठवीं की फर्जी अंकसूची बनाने की जानकारी तब हुई जब अगस्त 2023 में सूचना के अधिकार के तहत वर्ष 2008 से 2016 तक की कक्षा पांचवी व आठवीं की समतुल्यता व सभी स्वाध्ययी परीक्षा की जानकारी मांगी गई।

वर्ष 2008 में कक्षा आठवीं की परीक्षाफल पंजी प्रधानपाठक द्वारा प्रदान की गई थी, जिसमें सत्र 2008 में 24 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे थे। एक अनुपस्थित कुल 25 परीक्षार्थी सम्मलित हुए थे। परंतु सूचना के अधिकार के तहत महिला बाल विकास विभाग कसडोल में ग्राम पंचायत बरेली में आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती में संध्या पिता घासीराम वर्ष 2008 अंकसूची शासकीय प्राथमिक शाला गिरौदपुरी से प्रधान पाठक द्वारा दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार गिरौदपुरी के प्रधान पाठक गिरौदपुरी द्वारा दिए गए परीक्षाफल पंजी में इन सभी का कोई नाम नहीं था। जानकारी के अनुसार इसका मुख्य सरगना द्वारा कई विभागों में गिरौदपुरी स्कूल के नाम से फर्जी अंक सूची बनाकर फार्म भरा गया है।

### प्राथमिक शाला गिरौदपुरी में 2008 से 16 तक कई फर्जी अंकसूची बनाई





#### सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी थी

जानकारी में अंकसूची के सरल क्रमांक 27 व 92 प्रतिशत है। जबकि पूर्व में दिए गए परीक्षा फलपंजी में नाम ही नहीं है। इसी तरह सरल क्रमांक 25 में कल्याणी पिता गोवर्धन अहिवार का 96 प्रतिशत व क्रमांक 26 में विनोद कुमार पिता लहुरसिंह घासी का 98 प्रतिशत फर्जी जोड़ा गया है। इसी तरह वर्ष 2008 में रूपेश पिता शंकर लाल का 99.83 प्रतिशत, पांचवी व आठवीं में 2011 स्वध्यायी के रूप में रूपेश कुमार पिता शंकर लाल 99.95 प्रतिशत की फर्जी अंक सूची बनाकर वर्तमान में वाहन चालक के पद पर कार्यालय कलेक्टर महासमुंद में कार्यरत है। इसका खुलासा तब हुआ जब सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी गई।

### ठगी : भाजपा नेता गिरवर निराला की रिपोर्ट पर पुलिस का बड़ा एक्शन

# 26 लाख की धोखाधड़ी के आरोप में शिवा का एक साथी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार-सरसींवा

विगत दिनों छत्तीसगढ़ के सबसे हाईप्रोफाइल मामले में रायकोना के ठग शिवा और उसके साथियों पर 26 लाख की धोखाधड़ी की शिकायत भाजपा नेता गिरवर निराला ने की थी। इसमें सरसींवा पुलिस द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए रायकोना के ठग और साथियों पर पुनः धारा 406, 409, 34, 420 के तहत एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की गई। थाना सरसींवा से प्राप्त जानकारी अनुसार एफआईआर होने के 24 घंटों के भीतर ही पुलिस विभाग ने शिवा के साथी सोनू साहू को पकड़ने में बड़ी कामयाबी हासिल की है, जहां सोनू साहू के पास एक गाड़ी यामहा आर 15 क्रमांक सीजी 12 बीएच 2867 किमती 1 लाख 50 हजार रूपये एवं 1 विवो प्रो–2 मोबाइल 20 हजार रुपये कुल किमती 1,70,000 रुपए की भी जब्ती की गई है। जहां पुलिस द्वारा ठग शिवा के साथी सोनू साहू को पूछताछ कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। वहीं जानकारों एवं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब शक्ति निवासी सौरभ अग्रवाल ने एफआईआर की थी, ठीक उसके दूसरे दिन काले रंग की सोल्ड वेरना कार में शिवा के साथ सोनू को भी सरसींवा से दो बार क्रॉस होते देखा गया था। सोनू शिवा का वाहन चालक था और साथ ही एजेंट भी।



#### सेटिंग कर समझौता कर लेने की चर्चा

ठग शिवा द्वारा पूर्व के धोखाधड़ी के शिकायतकर्ता सौरभ अग्रवाल को मोटी रकम देकर सेटिंग कर समझौता कर लेने की चर्चा इन दिनों सरसींवा क्षेत्र में गूंज रही है। वहीं समझौते को लेकर ठगी के मामले का सत्य होना भी स्पष्ट होता प्रतीत हो रहा है। समझौते की खबर पाकर अब लोग शिकायतकर्ता सौरभ अग्रवाल और साथियों की भी जांच के कयास लगा रहे हैं, जहां ठग शिवा की जमानत सेशन से खारिज होने बाद अब वह पुलिस और पूछताछ से बचने के लिए अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय की शरण में जाने की जानकारी है।

#### मुख्य आरोपी शिवा और साथियों की तालाश अब भी जारी

ज्ञात हो कि पुलिस पूर्व में क्षेत्र के लोगों से अपील कर चुकी है कि यदि मामले से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई जानकारी या ठगी संबंधित शिकायत हो तो वे तत्काल थाना सरसींवा में सूचना दे। पुलिस उक्त मामले में लोगों को राहत दिलाने हर सम्भव प्रयास करने तत्पर है। बेलमुडी निवासी गिरवर निराला द्वारा शिवा एवं साथियों द्वारा 26 लाख की ठगी की शिकायत विगत दिनों सरसींवा थाने में की गई थी। सरसींवा थाना प्रभारी टीकाराम खटकर ने बताया की प्रार्थी की शिकायत पर थाना सरसींवा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए शिवा के एक साथी सोनू साहू को गिरफ्तार कर पूछताछ कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। वहीं मामले के मुख्य आरोपी शिवा और साथियों की तालाश अब भी जारी है।

#### पैसा डबल करने का दिया था झांसा

ज्ञातव्य हो कि छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित मामले में रायकोना के ठग शिवा साहू द्वारा पैसा डबल करने और धोखाधड़ी का मामला दिन ब दिन इजाफा हो रहा है और इस मामले में अब आरोपियों की भी मुश्किलें बढ़ रही है। ठग शिवा और साथियों को फरार हुए लगभग दो माह बीत चुके हैं, पर मामले के मुख्य आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। ठग शिवा के फरार होने के बाद शिवा के कुछ साथियों के पुलिस गिरफ्त में आने पश्चात मामले में संलिप्त रमेश साहू, संजय साहू, मयंक साहू, सोनू साहू सहित अन्य लोगों के भी नाम सामने आने के बाद ये भी अंडरग्राउंड हो गए थे। वहीं ठग शिवा सेशन से जमानत खारिज होने पश्चात वह पुलिसिया जांच से बच निकलने के फिराक में तरह-तरह का जुगत लगाने को मजबूर हो चुका है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार शिवा के मुख्य साथी रमेश का नाम आते ही वह अपने सबसे खास और शातिर साथी सरसींवा समीपस्थ के अपने एक युवा सेठ के पास शरण ले लिया था, जो रायपुर में निवास करता है। वहीं ठग शिवा, रमेश सहित सभी फरार साथी उसी तथाकथित युवा सेठ के संरक्षण में आश्रय लिए हुए हैं, जिससे लोगों ने मामले में उस युवा सेठ की भी संलिप्तता की आशंका जताई है।

# डाटा एंट्री ऑपरेटर की संदिग्ध मौत, कार में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस




हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय की सड़क में खड़ी कार में लाश मिलने से हड़कंप मच गई। मृत युवक ड्राइविंग सीट पर बैठा हुआ था। गाड़ी सड़क के किनारे खड़ी थी, जिसमें काफी देर तक कोई गतिविधि नहीं होने पर सुबह टहलने निकले लोगों ने देखा तो कार के अंदर युवक की मौत हो चुकी थी। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

मृतक के पर्स से मिले ड्राइविंग लाइसेंस व जिला निर्वाचन अधिकारी के ड्यूटी आदेश से उसकी पहचान बसंत कोसले के रूप में हुई है, जो आदिम जाति विभाग में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर पदस्थ था। मौके पर पहुंच पुलिस ने आदिम जाति विभाग के अधिकारियों और परिजनों को सूचना दी है। परिजनों के पहुंचने पर बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गम।

एएसआई राजेन्द्र पाटिल ने बताया कि कार में ड्राइविंग सीट पर बैठे युवक की मौत हो गई है। गाड़ी में शराब की बोतल मिली है। मृतक डाटा इंट्री ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। जांच के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

#### मौत का कारण अज्ञात

फिलहाल मौत कैसे हुई इसका पता नहीं चला है। मृतक की कार में शराब की बॉटल और डिस्पोजल गिलास, मोबाइल मिला है। फिलहाल कोतवाली पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### विप्र समाज ने मनाई परशुराम जयंती ...

**खरोरा।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सर्व ब्राह्मण समाज खरोरा द्वारा ब्राह्मण समाज भवन जामबाड़ी माठ में हवन पूजन कर सभी के कल्याण के लिए भगवान परशु राम से प्रार्थना की, फिर समाज जन ने महाआरती कर आराधना की। इस अवसर पर आचार्य चंदन शर्मा, मुकेश मिश्रा, मथुरेश शर्मा, डोमार प्रसाद शर्मा, शास्त्री, द्विवेदी, राजेश पांडेय, संतोष शर्मा, दिनेश तिवारी, गोपेश्वर तिवारी, कैलाश शर्मा, शिव त्रिपाठी ,चेतन शर्मा, दिनेश दीवान, प्रदीप शर्मा, लीलधार शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# सेक्स रैकेट मामलों में फंसाने के नाम पर उगाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- नहीं मिले आरोपी, पुलिस ने परिजनों से की पूछताछ

थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने बलौदाबाजार के बहुचर्चित भयादोहन कर रकम वसूलने वाले फरार आरोपियों के घर पुलिस ने दबिश दी, लेकिन वे नहीं मिले। पूछताछ में परिजनों ने कोई जानकारी नहीं होना बताया। आरोपियों के संबंध में पुलिस पता तलाश करने में जुटी है।

#### फरार आरोपियों के घर पुलिस ने दी दबिश



विदित हो कि थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने हनीट्रेप सेक्स रैकेट मामलों में फंसाने के नाम पर पैसे की उगाही करने वाले मुख्य आरोपी दुर्गा टंडन पति प्रत्यूष उर्फ मोंटी मरईया 30 साल डॉ. अब्दुल कलाम वार्ड बलौदाबाजार, मोंटी उर्फ प्रत्यूष मरईया पिता प्रताप मरईया 28 साल साकिन डा. अब्दुल कलाम वार्ड बलौदाबाजार, रवीना टंडन पिता कामता टंडन 22 साल पता दगौरी थाना बिल्हा जिला बिलासपुर और महान मिश्रा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है। बावजदू अभी भी प्रकरण के अन्य फरार आरोपी पुष्पमाला फेकर, हीराकली बंजारे, आशीष शुक्ला, शिरिस पांडे की तलाश की जा रही है। इसमें 10 मई को प्रकरण के फरार आरोपी पुष्पमाला फेकर, हीराकली बंजारे, आशीष शुक्ला एवं शिरिस पांडे के घर पुलिस टीम ⏩ शेष पेज 11 पर

### वर पक्ष के बारातियों का हुआ स्वागत सत्कार और कराया स्वल्पाहार

# गुड़ा-गुड़ियां के विवाह में समधी भेंट का रोचक नजारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

ग्राम कुकदा में अक्षय तृतीया (अक्ति) त्यौहार पारम्परिक रूप से मनाया गया। ग्रामीण बच्चों ने श्रीकृष्ण राधा के प्रतीकात्मक गुड्डे गुड़िया की विवाह की तैयारी सप्ताह भर पूर्व कर ली थी। बाकायदा विवाह का निमंत्रण पत्र वितरित कर ग्रामवासियों को आमंत्रित किया गया था। शादी में होने वाले सभी रस्मों रिवाज और बैंड बाजा के साथ धूमधाम से पहले दिन चुलमाटी, दूसरे दिन मड़वा, तेल, मायन और चीकट का नेंग विधिवत बच्चों एवं महिलाओं ने किया। खीर-पूरी खिलाकर मायन किया गया। वहीं वर पक्ष रामनारायण वर्मा, वधु पक्ष टीकाराम यादव थे। बकायदा दोनों पक्ष द्वारा समधी भेंट किया गया पश्चात बारात पक्ष का स्वागत सत्कार करते हुए स्वल्पाहार काराया गया।

अक्ति के दिन सुबह से बच्चे एवं लड़किया सज धजकर कृष्ण रूपी दूल्हे गुड्डा की बारात का इंतजार कर रहे थे, जो शाम को गाजे-बाजे और आतिशबाजी के साथ राधारानी रूपी दुल्हन (गुड़िया) को ब्याहाने गौरा गौरी चौक पहुंचे। गोधूली बेला में तेल हल्दी लगी और सजे धजे गुड्डे गुड़िया को मुकुट व हार पहनाकर फेरे लगवाये गये। मंडप में बिठाकर कन्यादान एवं टीकावन की रस्म पूरी की गई। पुतरा पुतरी बिहाव में बच्चों, महिलाओं एवं ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

#### अक्ती पर्व की रही धूम



**सिमगा।** नगर के वार्ड क्रमांक 4 गोवर्धन चौक में मोहल्लेवासियों द्वारा धुमधाम के साथ अक्ती का पर्व मनाया गया। इस दिन पुतरा-पुतरी का विवाह किया गया। यहां मोहल्लेवासियों ने सामूहिक रूप से राम एवं सीता का सभी रस्मों के साथ विवाह संपन्न कर अक्ती का त्यौहार मनाया। इस मौके पर जानकी, पुष्पा, उमा, भुनेश्वरी, लता, सरोज, रूपेश्वरी, मोतिम, सती, शालिंद्री, भुलीन, तीजबती, हीरा, भुनेश्वरी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं मोहल्लेवासी शामिल हुए।

# आत्मानंद में प्रवेश के लिए लाटरी से निकाले गए नाम

**बलौदाबाजार।** एमडीवी स्वामी आत्मानंद स्कूल बलौदाबाजार में सत्र 2024–25 में कक्षा 1 एवं एलकेजी में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए थे। इसके लिए लाटरी से नाम निकाला गया, जिसमें अपात्र के लिए दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 13 मई निर्धारित है। 14 मई को एमडीवी स्वामी आत्मानंद स्कूल आम्बेडकर चौक बलौदाबाजार में सुबह 10 से 12 बजे के बीच में लॉटरी के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।

| कक्षा | प्राप्त आवेदन | पात्र | अपात्र |
| --- | --- | --- | --- |
| एल.के.जी | 195 | 101 | 94 |
| कक्षा 1 | 97 | 87 | 10 |


हरिभूमि
## पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# जबलपुर से रायपुर के लिए सेमी हाईस्पीड ट्रेन चलाने की तैयारी में रेलवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

रेलवे ने लंबी और कम दूरी की ट्रेनों के संचालन, गति और गंतव्य स्टेशन की समीक्षा के बीच संकेत दिए हैं कि जबलपुर से रायपुर के बीच जल्द ही सेमी हाईस्पीड ट्रेन चलाई जा सकती है। जयपुर में रेलवे टाइम टेबल कमेटी की बैठक में इस पर सहमति भी बन गई है। पश्चिम मध्य रेलवे ने अपने तीनों मंडल जबलपुर, भोपाल और कोटा से कम दूरी की ट्रेनों मांग की व उनके संचालन पर मंथन किया।

खासतौर पर उन रूट पर जहां अभी मंडल के मुख्य रेलवे स्टेशन से सीधी ट्रेन नहीं है। इस दौरान जबलपुर रेल मंडल ने जबलपुर से रायपुर, प्रयागराज, उज्जैन आदि स्टेशन पर सीधी ट्रेन चलाने का प्रस्ताव पर अमल करने की तैयार हो रही है। इसमें सबसे पहले जबलपुर से रायपुर के बीच गोंदिया होते ही नई ट्रेन चलाई जानी है। संचालन के लिए ट्रैक-स्टेशन और यात्रियों की संख्या पर मंथन हो रहा है। इस दौरान इस रूट पर आ रही तकनीकी खामियों को दूर किया जाएगा।

## जयपुर में रेलवे टाइम टेबल कमेटी की बैठक में सहमति बनने की सूचना

### बिलासपुर जोन भी कर रहा प्रयास

बीते दिनों जयपुर में हुई देशभर के रेलवे जोन की टाइम टेबल समिति में जबलपुर-रायपुर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का प्रस्ताव रखा, जिसमें बताया जा रहा है कि सहमति बनाई जा रही है। संभावना है कि इस रूट पर सेमी हाईस्पीड वंदेभारत ट्रेन चलाई जा सकती है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड और पश्चिम मध्य रेलवे व बिलासपुर रेलवे जोन, दोनों ही प्रयास कर रहे हैं। माना जा रहा है कि आचार संहिता के बाद इस पर निर्णय हो सकता है।

■ जून में वंदे भारत ट्रेन की मिल सकती है सौगात



पश्चिम मध्य रेलवे ने अपने तीनों मंडल जबलपुर भोपाल और कोटा से कम दूरी की ट्रेनों की मांग

### समिति के समक्ष रखा गया प्रस्ताव

जबलपुर से रायपुर के बीच ट्रेन चलाने का प्रस्ताव जयपुर में हुई टाइम टेबल समिति के समक्ष रखा गया था। संभावना है कि जून से यह ट्रेन व्हाया गोंदिया होकर चल सकती है। इसके पहले सभी भौतिक तैयारियों की समीक्षा की जा रही है।

- राहुल श्रीवास्तव
सीपीआरओ पमरे

### रेलवे सभी पहलुओं पर कर रहा अध्ययन

जबलपुर से रायपुर के लिए कटनी होकर दिन में सिर्फ एक ट्रेन अमरकंटक चलती है। रूट लंबा होने की वजह से ट्रेन रात को जबलपुर से रवाना होकर सुबह रायपुर पहुंचती है। पीक सीजन हो या आम दिन, वेटिंग की वजह से ट्रेन में आसानी से आरक्षित सीट नहीं मिलती। हर दिन जबलपुर से लगभग दो हजार यात्री ट्रेन, बस और निजी वाहन से रायपुर के लिए सफर करते हैं। सिंगल लाइन होने की वजह से रेलवे सभी पहलुओं पर अध्ययन कर रहा है। संभावित है कि वंदेभारत ट्रेन रायपुर और प्रयागराज या बनारस के बीच चलाई जाए। जबलपुर से उज्जैन और शिर्डी के लिए भी स्पेशल ट्रेन चलाने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### टॉपर्स विद्यार्थियों से मुख्यमंत्री साय ने की वीडियो काल पर बात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दसवीं-बारहवीं के नतीजे घोषित होने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दोनों कक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों से सीधे वीडियो काल पर बात कर बधाई दी। बच्चों के लिए अपने मुख्यमंत्री से इस तरह अचानक रुबरू होना बेहद आनंददायक अनुभव रहा। अपने मुख्यमंत्री से सीधे वीडियो काल पर जुड़े भावविभोर बच्चों में से किसी ने आईएएस बनने, तो किसी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट, तो किसी ने बैंकिंग सेक्टर में जाने की योजनाएं बताई। बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए मुख्यमंत्री ने बच्चों सहित उनके अभिभावकों और गुरुजनों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### सरस्वती शिशु मंदिर में दीक्षा व मानसी प्रथम

**रायपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षा के परिणाम गुरुवार को जारी किया गया। सरस्वती विहार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक कन्या एवं बालक विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है किया। इसमें दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान दीक्षा साहू ने प्राप्त किए हैं। उन्हें 93.6 प्रतिशत प्राप्त हुए। देवेश्वरी को 90.6 प्रतिशत, ऋषभ गौतम 85.8प्रतिशत तथा योगेश वर्मा को 85.3 प्रतिशत मिले हैं। इसी तरह बारहवीं कक्षा में मानसी यादव को 90.6 प्रतिशत, वैशाली रजक को 88 प्रतिशत तथा नीलम साहू को 87.02 प्रतिशत मिले हैं।

### वोटों को प्रभावित करने का हथकंडा है ऐसी रिपोर्ट

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा है



कि पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट सिर्फ हिंदू-मुस्लिम में नफरत पैदा करना एवं चुनाव में हिंदू वोटों को प्रभावित करने का हथकंडा है। श्री साहू ने कहा कि पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट चुनाव के समय में ही जारी कर भाजपा द्वारा हिंदू-मुस्लिम जनसंख्या के अनुपातिक प्रतिशत को लेकर जिस तरह देश में हिंदुओं के मन में डर व नफरत का माहौल पैदा किया जा रहा है। वह सिर्फ हिंदुओं का वोट प्रभावित करने के लिए है, जो कि निंदनीय है। यह रिपोर्ट पूर्णतः अविश्सनीय भी है। भारत देश में हर 10 वर्ष के अंदर जनगणना करने की परंपरा स्थापित है, लेकिन सन 2021 में जो जनगणना होनी थी, वह अभी तक नहीं कराई गई है। देश की आवादी की संख्या का वास्तविक आधार जनगणना ही होता है, जिससे विभिन्न समुदायों की जनसंख्या के अलावा उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति की जानकारी मिलती है।

### मई की गर्मी से राहत चार दिन से तापमान चालीस डिग्री से नीचे

**रायपुर।** शुरुआत के पांच दिन तक असर दिखाने के बाद राजधानी में गर्मी कम हो गई है। पिछले चार दिन से शहर का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री से कम दर्ज किया जा रहा है। छाए बादलों की वजह से धूप का प्रभाव कम है और लोग बिना स्कार्फ के दोपहर शहर आवाजाही कर पा रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक मई के महीने अब तक सर्वाधिक तामपान पांच तारीख को 43.6 डिग्री दर्ज किया गया है, इसके बाद पुनः गिरावट का दौर शुरू हुआ, जिसकी वजह से अब तक राहत महसूस हो रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मई के महीने को गर्मी का पीक माना जाता है और शहर का तापमान 43-44 डिग्री के आसपास रहता है, मगर पिछले पांच दिन से पारा चालीस डिग्री के ऊपर नहीं जाने की वजह से लोगों ने राहत महसूस की है।

## राजधानी रायपुर में गिने-चुने खेल मैदान ही बचे

# खेल मैदान में मेला, खिलाड़ियों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

■ महापौर एजाज ढेबर ने भी खिलाड़ियों की शिकायत पर खेल मैदान को मेला के आयोजन के लिए देने पर कड़ी आपत्ति जताई

■ डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़, सीएनआई एवं ट्रस्टी यूसीएनआईटीए सचिव नितिन लॉरेंस को पत्र भी लिखा है और जवाब मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शहर का आकाशवाणी स्थित गॉस मेमोरियल मैदान पूरी तरह से व्यवसायिक बन गया है। इसके कारण यहां खेल से ज्यादा मेला सहित अन्य व्यावसायिक आयोजन होते हैं। हाल ही में इस ग्राउंड को एक महीने के लिए मेला आयोजन के लिए दिया गया है, जिसकी तैयारियां भी मैदान में की जा रही हैं। इसके विरोध में शुक्रवार को खिलाड़ियों ने मैदान में जाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इधर इस मामले में महापौर एजाज ढेबर ने भी खिलाड़ियों की शिकायत पर खेल मैदान को मेला के आयोजन के लिए देने पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस संबंध में डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़, सीएनआई एवं ट्रस्टी यूसीएनआईटीए सचिव नितिन लॉरेंस को पत्र भी लिखा है और जवाब मांगा है कि आखिर किस आधार पर खेल मैदान को मेला आयोजन के लिए अनुमति दी गई है।

राजधानी रायपुर में गिने-चुने ही खेल मैदान बचे हैं। इन मैदानों को भी अब व्यावसायिक रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। मैदान की समितियां मैदानों के मेंटनेंस के नाम पर ज्यादा पैसे कमाने के लालच में इन मैदानों को मेला सहित विभिन्न व्यावसायिक आयोजन कराने की अनुमति दे रही हैं। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि गॉस मेमोरियल मैदान को वर्ष 2004 में सिर्फ खेल मैदान के रूप में आरक्षित किया गया था। उन्होंने बताया कि ओपी चौधरी ने रायपुर के कलेक्टर रहते हुए अपने कार्यकाल में खेल मैदानों को सिर्फ खेल के लिए आरक्षित करने निर्देश भी दिए थे। इसके बाद से खेल मैदानों में सिर्फ खेल के आयोजन होने लगे थे, लेकिन अब मैदान फिर व्यावसायिक आयोजन के लिए दिए जा रहे हैं।

### वर्ष 2022 में लीज की अवधि खत्म

एजाज ढेबर ने यह भी कहा कि वर्ष 2022 में गॉस मेमोरियल की लीज अवधि खत्म हो चुकी है। इसके बाद भी मैदान को मेला लगाने के लिए अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि गॉस मेमोरियल सेंटर प्रबंधन का कहना है कि इसकी अनुमति समिति ने नहीं दी है, फिर अनुमति किसने दी है। इसे लेकर महापौर ने डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव नितिन लॉरेंस को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है। उन्होंने मेला अनुमति को भी तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

### बीटीआई ग्राउंड रावणभाठा मैदान भी बना व्यावसायिक

गॉस मेमोरियल के साथ अंतर्राज्यीय बसस्टैंड के पास रावणभाठा मैदान पर भी मेला लगा हुआ है, जबकि मेला लगने से पहले मैदान में खिलाड़ियों का मेला लगा रहता था। मेला का आयोजन होने के कारण हर दिन क्रिकेट, फुटबाल सहित अन्य खेल खेलने वाले खिलाड़ियों ने मैदान आना छोड़ दिया है। इस मैदान में युवा के साथ बच्चे, बड़े व बुजुर्ग भी सैकड़ों की तादात में मॉर्निंग वॉक, व्यायाम एवं योग करने आते हैं। मेला लगने के कारण उन्हें भी परेशानी हो रही है। शंकरनगर स्थित बीटीआई ग्राउंड का उपयोग भी अब व्यावसायिक रूप से ज्यादा होने लगा है, जिसके कारण यहां भी अब खेल नहीं हो पाते।

# निरस्त कराएंगे आदतन बदमाशों की जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ एसएसपी ने ली समीक्षा बैठक

जिले में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने आदतन बदमाशों को पुनः जेल भेजा जाएगा। एसएसपी संतोष सिंह ने पुराने बदमाशों की जमानत निरस्त कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को चेताया है कि अपराध, गुम इंसान, मर्ग समेत अन्य लंबित प्रकरणों का निपटारा प्राथमिकता के साथ पंद्रह दिन के भीतर की जाए। एसएसपी संतोष सिंह ने शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में राजपत्रित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में विजिबल पुलिसिंग नजर आनी चाहिए। इसके साथ ही असामाजिक तत्वों, निगरानी गुंडे-बदमाशों और पुराने अपराधियों की गतिविधियों पर निगाह रखने विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। लंबित प्रकरण जो काफी पुराने हैं, उनका निराकरण पंद्रह दिवस के भीतर किया जाए। उन्होंने महिला/बच्चों से संबंधित अपराधों की रोकथाम और इन मामलों से संबंधित आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने को कहा। धोखाधड़ी सहित अन्य संपत्ति संबंधी मामलों में थाना प्रभारियों को आरोपियों की पतासाजी करने एवं गंभीर मामलों की विवेचना स्वयं थाना प्रभारियों को करने के निर्देश दिए।

### नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

निजात अभियान के तहत नशे के पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा किसी भी सूरत में नशे का सामान नहीं बिकने देने की हिदायत दी। नशे का कारोबार करने वाले गिरोह की अंतिम सप्लाई चेन तक पुलिस टीम को पहुंचने पर जोर दिया गया। अभियान के तहत पुलिस कर्मियों को अधिक से अधिक आमजनों से जुड़कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

***शांतिपूर्ण चुनाव, जवानों को प्रशंसा पत्रः*** *एसएसपी ने शुक्रवार सुबह पुलिस लाइंस मैदान में जवानों की परेड ली। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए जवानों एवं अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को डीओ लेटर और जवानों को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए।*

# मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली कार पर पलटी, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सेजबहार क्षेत्र में मुजगहन नाला के पास मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर एक कार पर पलट गई, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य वेगेंद्र कुमार सोनबेर और उनकी मां ईश्वरी सवार थे। इस घटना में दोनों को चोटें आई हैं, इनमें ईश्वरी सोनबेर को गंभीर चोटें आने के कारण अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य वेगेंद्र सोनबेर ने बताया कि शुक्रवार को वह अपनी मां के साथ कार से सेजबहार के आगे सोनपैरी स्थित फार्म हाउस जा रहे थे। सुबह करीब 10 बजे जैसे ही उनकी कार मुजगहन रोड में नाले के पुल के पास पहुंची, तभी विपरीत दिशा से तेज गति से ट्रैक्टर-ट्राली आ रही थी, उसमें मिट्टी भरी हुई थी। ट्रैक्टर को देखकर वे अपनी गाड़ी सड़क के किनारे लगा लिए। इसके बाद भी ट्रैक्टर चालक ने पुल पर चढ़ते समय गाड़ी को अनियंत्रित कर पलटा दिया। इससे ट्रैक्टर की ट्रॉली और उसमें भरी मिट्टी कार पर आ गिरी, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में उन्हें कम चोटें आई हैं, लेकिन उनकी मां को गंभीर चोटें लगी हैं और उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इधर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट के बाद ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। वेगेंद्र सोनबेर ने बताया कि घटना के समय ट्रैक्टर चालक नशे में था, जिसके कारण वह ट्रैक्टर पर नियंत्रण नहीं रख पाया और दुर्घटना हो गई।

# प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक अब ओडिशा-झारखंड में करेंगे चुनाव प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में चुनाव होने के बाद अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश के भाजपा नेताओं को ओडिशा और झारखंड भेजा जा रहे हैं। ये नेता वहां पर प्रचार करने का काम करेंगे। कई नेता चले गए हैं और कई नेता आने वाले समय में जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी लगातार दोनों राज्यों में सभाएं ले रहे हैं।

भाजपा प्रवासी कार्यकर्ता समन्वय समिति के प्रदेश संयोजक अजय शुक्ला ने बताया ओडिशा में चुनाव प्रचार के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, केदार कश्यप, ओपी चौधरी व टंकराम वर्मा, सांसद सुनील सोनी, देवेंद्र प्रताप सिंह, संतोष पांडेय, चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक प्रेमप्रकाश पांडेय, विधायक राजेश मूणत, नीलकंठ टेकाम, विनायक गोयल, योगेश्वर राजू सिन्हा, गुरु खुशवंत साहेब, संपत अग्रवाल, पूर्व विधायकगण शिवरतन शर्मा, त्रिलोचन पटेल व पिंकी शिवराज शाह, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, व चंदूलाल साहू, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, रूपकुमारी चौधरी, महेश कश्यप, श्रीनिवास राव मद्दी, वेदवती कश्यप, मनीराम कश्यप, धनीराम बारसे, जगन्नाथ पाणिग्रही के नाम तय किए गए हैं।

### ये रहेंगे झारखंड में

इसी तरह से झारखंड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, रामविचार नेताम, विधायक भावना बोहरा, भूलनसिंह मरावी, राजेश अग्रवाल, उद्धेश्वरी पैंकरा, डोमनलाल कोरसेवाड़ा, दीपेश साहू, रोहित साहू, प्रमोद मिंज, सुशांत शुक्ला, राय मुनि भगत भाजपा पदाधिकारी भूपेन्द्र सवन्नी, सौरभ सिंह, संजय श्रीवास्तव, अनुराग सिंहदेव, ओमप्रकाश जायसवाल, कमलभान सिंह, भरतसिंह सिसौदिया, अनिल केशरवानी, बाबूलाल अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी झारखंड में प्रचार करने का काम करेंगे।

# चैंबर का संविधान बदलने पर सुंदरानी ने खड़े किए सवाल, पारवानी बोले- सब प्रक्रिया के तहत हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के संविधान में संशोधन को लेकर व्यापारी एकता पैनल के अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी ने सवाल खड़ा किया है कि यह प्रक्रिया के तहत नहीं हुआ है। यह संशोधन अध्यक्ष ने अपने को लाभ पहुंचाने के लिए किया है। महज डेढ़ से दो सौ सदस्यों को बुलाकर विशेष सभा बुलाना ही सही नहीं है। इस मामले में अध्यक्ष अमर पारवानी का कहना है, सब कुछ प्रकिया के तहत किया गया है।

श्री सुंदरानी ने चैंबर अध्यक्ष को पत्र लिखते हुए आपत्ति की है कि चैंबर का संविधान संशोधन सही नहीं है। श्री सुंदरानी का कहना है, संविधान संशोधन का न तो सार्वजनिक प्रकाशन किया गया है और ना ही सूचना पत्र भेजा गया है, जिसमें संविधान संशोधन की बिन्दुवार जानकारी हो। श्री सुंदरानी ने पत्र में लिखा है, मेरा सीधा आरोप है ये संविधान का संशोधन आपने स्वयं के लिए किया है।

### सब प्रकिया के तहत

चैंबर के अध्यक्ष अमर पारवानी ने हरिभूमि के पूछने पर बताया कि संविधान में संशोधन नियम के तहत की किया गया है। मेडिकल कॉलेज के सभागृह में हुई आमसभा में इसको पारित किया गया था, बाकी में विशेष आमसभा बुलाकर इसको जारी किया गया है। जो भी संशोधन किया गया है, चैंबर के संविधान की प्रकिया का पालन करते हुए नियमों से किया गया है। अब कोई भी अध्यक्ष का चुनाव कितनी भी बार लड़ सकते हैं, श्रीचंद सुंदरानी सहित पूर्व के सारे अध्यक्ष भी चुनाव लड़ने के पात्र हो गए हैं।

## हर महीने पचास मरीजों की निशुल्क सोनोग्राफी के आदेश से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत हर माह दो दिन चलाए जाने वाले अभियान में पचास मरीजों की निशुल्क सोनोग्राफी के आदेश से चांपा-जांजगीर जिले में हड़कंप मच गया है। निजी अस्पतालों को जारी किए गए इस आदेश पर आईएमए ने आपत्ति की है। उनका तर्क है कि शासकीय जिला अस्पताल में यह सुविधा नहीं है, इसलिए निजी संस्थाओं पर उसका भार डाला जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले आदेश का हवाला देते हुए निजी सोनोग्राफी सेंटर को इस बात की ताकीद भी की गई है कि उनके द्वारा माह के 9 और 24 तारीख को इस अभियान के तहत की गई निशुल्क सोनोग्राफी की जानकारी के साथ उन्हें मरीज की विस्तृत रिपोर्ट के साथ अवगत कराया जाए। इस आदेश के बाद वहां से निजी चिकित्सकों और सोनोग्राफी सेंटरों के संचालकों में हड़कंप मच गया है। यह भी शिकायत की जा रही है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिना किसी जानकारी के सोनोग्राफी सेंटरों को इस योजना का हिस्सा बना लिया गया है।

# उधार के रीएजेंट से आधी जांच, हार्मोंस संबंधी टेस्ट से आंबेडकर अस्पताल के मरीज अभी भी दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उधार के रीएजेंट की बदौलत आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को आधी जांच की राहत मिल रही है। हार्मोंस और ट्यूमर मार्कर संबंधित जांच के लिए मरीजों को अभी इंतजार करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन इस बात को लेकर भी चिंतित है, सीमित कोटा अगले दस दिन में समाप्त हो जाएगा इसके बाद क्या होगा। रीएजेंट की स्थायी व्यवस्था के लिए अभी विचार-मंथन का दौर चल रहा है।

टेस्ट किट के संकट से जूझ रहे आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को राहत देने के लिए एसीएस मनोज पिंगुआ के हस्तक्षेप के बाद बिलासपुर के शासकीय मेडिकल कालेज से रीएजेंट तथा आवश्यक दवाओं की व्यवस्था कर राहत देने की कोशिश की गई है। प्राप्त किट के माध्यम से मरीजों की आरएफटी-एलएफटी सहित अन्य रूटीन जांच पूरी की जा रही है, मगर कुछ विशेष तरह के टेस्ट के लिए मरीजों को इंतजार करना पड़ रहा है अथवा निजी लैब जाना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार अस्पताल में कई मरीज ऐसे आते हैं, जिनके विटामिन से संबंधित टेस्ट कराने पड़ते हैं। कुछ का इलाज करने के लिए थायरायड टेस्ट करना पड़ता है। इसी तरह हार्मोंस से संबंधित जांच नहीं हो पा रही है, ऐसे मरीजों के सैंपल फिलहाल नहीं लिए जा रहे हैं। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि विशेष जांच कम संख्या में होती है, मगर बड़ी चिंता सामान्य तरह की जांच के लिए रीएजेंट का स्थायी रूप में इंतजाम किए जाने की है। उधार में मिली किट सीमित मात्रा में हैं, जो अगले दस दिन में समाप्त हो जाएगी। इसके बाद मरीजों की जांच किस तरह होगी, इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है।

### टेस्ट नहीं हो रहे

12, डी-12, टी-3, टी-4, टीएसएच, पीएसएच, एलएम, प्रोलाइक्टीन सहित अन्य हार्मोंस संबंधित टेस्ट, इम्यूनोलॉजिकल संबंधित टेस्ट, कार्डियक, ट्यूमर सहित अन्य मार्कर।

### जांच की सुविधा

आएफटी, एलएफटी, प्रोटीन से संबंधित टेस्ट, लिपिड प्रोपाइल सहित अन्य जांच।

### कार्डियक टेस्ट का इंतजार

एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में कार्डियक सर्जरी के दौरान मरीजों को हार्ट लंग्स मशीन में रखने के दौरान उनके आक्सीजन तथा ब्लड सर्कुलेशन नापने के लिए टेस्ट किट की आवश्यकता होती है। यह किट की व्यवस्था जरूरत होने पर इंप्रेस मनी के माध्यम से करनी पड़ रही है। डिमांड की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, मगर सप्लाई नहीं हो पा रही है।

### स्थायी इंतजाम करेंगे

मरीजों को रूटीन जांच से संबंधित सुविधा मिलने लगी है। विशेष तरह की कौन सी जांच नहीं हो रही है, यह विभागीय स्तर पर पता चल सकता है। टेस्ट किट के स्थायी इंतजाम के लिए सिस्टम बनाने का प्रयास किया जा रहा है

- डॉ. एसबीएस नेताम
चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

# जग्गी हत्याकांड से जुड़े 14 दोषियों को 4 जून तक करना होगा सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राकांपा के कोषाध्यक्ष रामावतार जग्गी हत्याकांड से जुड़े 14 दोषियों को सुप्रीम कोर्ट ने 4 जून तक सरेंडर करने की मोहलत दी है। सूत्रों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपंकर दत्ता की युगल पीठ ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया है। साथ ही कोर्ट ने इस केस में जेल में बंद सूर्यकांत तिवारी सहित अन्य दोषियों की जमानत याचिका भी खारिज कर दी है। विदित हो कि महीनेभर पहले जग्गी हत्याकांड केस में 28 दोषियों को सप्ताहभर में सरेंडर करने का आदेश दिया था। इसमें से 14 दोषी सरेंडर कर चुके हैं, जबकि 14 अन्य दोषी हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद भी अब तक सरेंडर करने नहीं पहुंचे हैं। सरेंडर नहीं करने वाले दोषियों में विनोद सिंह राठौड़, राकेश कुमार शर्मा, अभय गोयल, शैलेंद्र सिंह परिहार, अशोक सिंह भदोरिया, विवेक सिंह भदोरिया, धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, सुनील गुप्ता, हरिश चंद्रा, सुरेश सिंह, जामवंत, श्याम सुंदर, विनोद सिंह और विश्वनाथ राजभर के नाम शामिल हैं।

### अक्षय तृतीया पर साईंनगर जोरा में प्याऊ शुरू

**रायपुर।** अक्ती तिहार पर प्यासे राहगीरों को पानी पिलाने साईंनगर जोरा में प्याऊ प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आसपास के गांवों के राहगीरों को ठंडा मठा भी पिलाया गया। इसके अलावा पूरी गर्मी व्यतीत होने तक बीच-बीच में आम पना, अलग-अलग फ्लेवर के शीतल पेय और छाछ आदि भी पिलाए जाएंगे। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी पूर्व अध्यक्ष, संतोष शर्मा पूर्व सचिव, सुरेश सोनी, छगनलाल साहू, सुब्रमण्यम, माधव कृष्ण झा, गोविंद माधव झा, कमलेश सिन्हा और भावना चंद्राकर आदि का प्याऊ प्रारंभ करने में विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### अक्षय तृतीया पर रचाया गुड्डे-गुड्डियों का विवाह

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अक्षय तृतीया पर छोटे-छोटे बच्चे ने मिट्टी के बने गुड्डे-गुड्डियों का विवाह रचाया। मंडप सजाकर चुलमाटी से लेकर तेल हल्दी नेंग और रिवाज के साथ धूमधाम से विवाह रचाया। बच्चों ने गुड्डा दूल्हा को सजाकर माथे पर सेहरा बांध कर बाजे के साथ बारात निकाली। जहां वधु पक्ष ने बारात का स्वागत किया गया। इस दौरान ज्योति चंद्राकर, कविता धीवर, गायत्री चंद्राकर, रेखा चंद्राकर, अरुण धीवर आदि मौजूद रहे।

### नगर में शरबत वितरण

**सरायपाली।** प्रतिवर्षानुसार इस बार भी ब्राह्मण समाज नवयुवक संघ द्वारा स्थानीय राम मंदिर के सामने राहगीरों को शरबत वितरण किया गया।

### बारहवीं में भूपेंद्र प्रथम, ममता रही द्वितीय

**नर्रा।** शासकीय कुलदीप निगम उमावि नर्रा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान नवनीत सेन पिता मोहन लाल 80.67 प्रतिशत, द्वितीय पूरब पिता केवल देवागंन 80.33 प्रतिशत रहे।

पेज 9 का शेष

### सेक्स रैकेट मामलों ...

ने दबिश दी और पुछताछ करने पर परिजनों द्वारा कोई जानकारी नहीं होना बताया। पुलिस टीम द्वारा लगाये मुखबीरों से पुछताछ कर पता किया गया, जिसमें आरोपीगणों का अभी कोई सुराग नहीं मिला। उक्त मामले में प्रकरण विवेचना में है, जिसमें मुखबीर लगाया है तथा जल्द ही आरोपीगणों की गिरफ्तारी की जायेगी।

## खेल स्पर्धा: डिस्ट्रिक्ट लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के 14 बच्चों ने 25 पदक जीते

# राष्ट्रीय स्तरीय लाठी स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में महासमुंद के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

थर्ड ऑल इंडिया लाठी स्पोर्ट्स चैंपियनशिप राष्ट्रीय स्तर का आयोजन गत 2-4 मई को गायत्री पैलेस दुर्ग में हुआ। इस टूर्नामेंट में देशभर से लगभग 300 बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें छत्तीसगढ़, पांडिचेरी, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली आदि राज्यों के बच्चों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि समाज सेवी तेज राम अग्रवाल, लाठी संघ के प्रेसीडेंट अरविंदर सिंह खुराना, कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, जनरल सेक्रेटरी संदीप ताम्रकार रहे। छत्तीसगढ़ टीम में शामिल महासमुंद के डिस्ट्रिक्ट लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के 14 बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर 25 पदकों (जिसमें 14 स्वर्ण, 9 रजत एवं 2 कांस्य पदक) हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। जिनमें आरूषा पटनायक (लाठी



फाइट), विधि सिंग पूंज (लाठी डिमॉन्सट्रेशन, लाठी फाइट), गीत सिंह पूंज (लाठी फाइट, पट्टाबाजी), वेदिका साहू (लाठी फाइट), ज्योति ध्रुव (पट्टाबाजी), पलक देवांगन (लाठी डिमॉन्सट्रेशन,लाठी फाइट), नंदनी देवांगन (लाठी डिमॉन्सट्रेशन, लाठी फाइट), अक्षधा चंद्राकर (लाठी डिमॉन्सट्रेशन,लाठी फाइट,पट्टाबाजी), सात्विक वर्मा (लाठी डिमॉन्सट्रेशन, लाठी फाइट,पट्टाबाजी), कृष्णा पटेल (लाठी डिमॉन्सट्रेशन,लाठी फाइट), मोहम्मद दानिश (लाठी फाइट,पट्टाबाजी), वेंकटेश साहू (लाठी फाइट,पट्टाबाजी), मनोज कोमार्रा (लाठी डिमॉन्सट्रेशन, लाठी फाइट), अभ्युदय मानिकपुरी (लाठी फाइट) ने लाठी डिमॉन्सट्रेशन, लाठी फाइट, पट्टाबाजी जैसे इवेंट में भाग लिया। साथ ही में छत्तीसगढ़ के टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे टूर्नामेंट में अपना नाम प्रथम स्थान पर अर्जित किया।।

टूर्नामेंट के साथ साथ वहा पर रफ़री और जज का सेमिनार तथा एग्जाम हुआ। जिसमें महासमुंद जिले से नंदनी देवांगन ने एग्जाम दिलाया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्तीर्ण हुई तथा महासमुंद जिले के सचिव अभय दास जी ने रैफरी का पद संभाल कर टूर्नामेंट में अपना योगदान दिया। डिस्ट्रिक्ट लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन महासमुंद के अध्यक्ष संदीप चौधरी, सचिव अभय दास, आनंद कुमार वैष्णव तथा भोज विश्वकर्मा ने हर्ष जताया है।

# छात्र-छात्राओं के समग्र विकास के लिए लगा समर कैंप

### पीएमश्री विद्यालय में समर केम्प का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

पीएमश्री शाप्राशाला सिंघोडा में समर कैंप का शुभारंभ किया गया। बीआरसीसी के सतीस स्वरूप पटेल द्वारा फीता काटकर समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की गई। ग्रीष्मकालीन शिविर विद्यालयों में यह समर कैंप छात्र-छात्राओं के समग्र विकास के लिए आयोजित की जा रही है। इस समर कैंप के माध्यम से बच्चों मैं कल्पना शिलता, आत्मविश्वास, तार्किक सोच, श्रीजनशिलता अभिव्यक्ति जैसे कौशल, बालगीत, मौखीक भाषा विकास व एकाग्रता विकसीत करने वाले खेल, चित्रकारी, कागज व मिट्टी के खिलौने बनाना, कहानी निर्माण, रचनात्मक लेखन जैस रोचक गतिविधियों के माध्यम से समृद्ध करने का प्रयास पीएमश्री स्कूल के सिंघोडा के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक पूर्णिमा नाग, संकुल समन्वयक सच्चिदानंद भोई, शिक्षक गोपाल पटेल, शिक्षक चुड़ामणी स्वाई, खिरसागर चौहान, शीला विश्वास, कुवरमति भोई, ग्राम पंचायत सिंघोड़ा के सरपंच प्रतिनिधि अशोक मिरी एवं समस्त पालकगण, ग्रामीणजन व माताएं उपस्थित रहे।

# भाजपा को अब शिक्षाविदों और साधु संतों के नाम पर भी आपत्ति : विनोद

### स्वामी आत्मानंद स्कूलों के 28 बच्चे टॉप टेन सूची में

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा को छत्तीसगढ़ की अस्मिता व छत्तीसगढ़ के विकास में योगदान देने वाले शिक्षाविदों तथा साधु संतों के नाम पर भी आपत्ति होने लगी है। इसलिए महान समाज सेवक व संत स्वामी आत्मानंद के नाम पर रखे गए स्कूलों का नाम पीएमश्री करना चाहती है। उन्होंने कहा है कि आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल व कॉलेज जहां पर हर वर्ग के छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान पूर्ववर्ती कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है, उसका नाम बदलने की कवायद मौजूदा भाजपा की सरकार कर रही है। चंद्राकर ने कहा कि स्वामी आत्मानंद की जीवनी में लिखा है कि वे आईएएस (तत्कालीन आईसीएस) के लिए चयनित हुए थे, पर जनसेवा के लिए उन्होंने संन्यास का रास्ता चुना। उनके ज्ञान की वजह से दुनिया भर में उन्हें प्रवचन देने के लिए बुलाया जाता था। छत्तीसगढ़ में हमेशा उन्हें गौरव के रूप से देखा जाता रहा है।



इसीलिए जब वंचित वर्ग के बच्चों के लिए कांग्रेस की सरकार ने अंग्रेज़ी माध्यम के स्कूल खोलने का निर्णय लिया तो योजना को स्वामी आत्मानंद के नाम पर रखने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा की सरकार सिर्फ इसलिए स्वामी आत्मानंद योजना का नाम बदलना चाहती है क्योंकि, यह कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरु हुई योजना है, तो यह एक आध्यात्मिक विद्वान व्यक्तित्व के बारे में भाजपा के नेताओं की सोच को दर्शाता है। चंद्राकर ने कहा कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना 1 नवंबर 2020 को शुरू की गई थी। इस योजना का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली छात्रों को समान अवसर प्रदान करना है। वर्तमान में 750 से ज्यादा स्कूल शुरू किए गए हैं, जिनमें पुस्तकालय, अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला जैसे अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों की एक उच्च प्रशिक्षित टीम है। इन सुविधाओं के साथ गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। इसी के परिणामस्वरूप 10वीं तथा 12 वीं बोर्ड में 28 बच्चों ने टॉप किया है। 12वीं में 7 बच्चे टॉप 10 में, जबकि 10वीं में 21 बच्चे टॉप 10 में स्वामी आत्मानंद स्कूलों से हैं। यानी कुल 79 टॉपर्स में से 28 बच्चे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों से हैं।

# स्वामी आत्मानंद छत्तीसगढ़ का गौरव : अंकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने

> **भाजपा को अब संतों व धार्मिक व्यक्तियों के नाम से समस्या होने लगी, उनका नाम हटाकर पछताएगी भाजपा**

कहा कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के निकले 10वीं और 12वीं के रिजल्ट में स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों के प्रदर्शन ने कांग्रेस की भूपेश बघेल के नेतृत्ववाली सरकार की सोच को प्रमाणित कर दिया कि किस प्रकार सरकारी स्कूलों का स्तर भी सुधारा जा सकता है। जबकि, आज साय सरकार इस योजना का नाम बदल कर पीएमश्री करने की योजना बना रही है, जो कि दुर्भाग्यजनक है। स्वामी आत्मानंद छत्तीसगढ़ के एक विश्वविख्यात संत और आध्यात्मिक व्यक्ति थे। उनके नाम पर चल रही योजना का नाम बदलने से पता चलता है कि अब भाजपा को संतों और धार्मिक व्यक्तियों से भी दिक्कत होने लगी है।



अंकित ने बताया कि स्वामी विवेकानंद का रायपुर से नाता रहा है और इसीलिए स्वामी आत्मानंद ने छत्तीसगढ़ में रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद भावधारा का प्रचार प्रसार करने का फ़ैसला किया था। समाजसेवा को उन्होंने सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी। एक समय छत्तीसगढ़ में भीषण सूखा पड़ा था, तब उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए एकत्रित दानराशि को सूखा राहत कार्यों में लगाने का फ़ैसला किया था। वे जीवनपर्यंत स्वामी विवेकानंद के दरिद्र नारायण की अवधारणा का पालन करते रहे। उनकी जीवनी में लिखा है कि वे आईएएस (तत्कालीन आईसीएस) के लिए चयनित हो गए थे, पर जनसेवा के लिए उन्होंने संन्यास का रास्ता चुना। उनके ज्ञान की वजह से दुनियाभर में उन्हें प्रवचन देने के लिए बुलाया जाता था। अगर भाजपा की सरकार सिर्फ़ इसलिए स्वामी आत्मानंद योजना का नाम बदलना चाहती है। क्योंकि, यह कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरु हुई योजना है तो यह एक आध्यात्मिक विद्वान व्यक्तित्व के बारे में भाजपा के नेताओं की सोच को दर्शाता है। भले ही नाम बदलने की राजनीति भाजपा की विरासत में है, पर स्वामी आत्मानंद के नाम पर बनी योजना का नाम बदलने से पहले उन्हें विचार कर लेना चाहिए कि इस निर्णय से छत्तीसगढ़ की जनता की भावना किस तरह आहत होगी और भाजपा को बाद में पछताना होगा।

अंकित ने बताया कि ये भी पता चला है कि वर्तमान भाजपा सरकार स्वामी आत्मानंद योजना का नाम बदलकर पीएम योजना करना चाह रही है। और इसके लिए दबावपूर्वक सरपंचों व नगरीय क्षेत्र की निर्वाचित समितियों से प्रस्ताव मंगवाया जा रहा है, जिसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।

## बिजनेस साईट

### शुभा नर्सिंग होम में पैरामेडिकल कोर्स की शुरुआत



**सरायपाली।** स्थानीय शुभा नर्सिंग होम नए जगह में एक पूर्ण होने पर 7 मई को प्रथम वर्षगांठ मनाया गया। साथ ही शुभा पैरामेडिकल एंड एलाइड हेल्थ इंस्टीट्यूट का शुभारंभ पूर्णेंदु सक्सेना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघ चालक एवं वीवाय अस्पताल रायपुर के संचालक द्वारा किया। इस अवसर पर नागरिक, स्वयंसेवक संघ के सदस्य, शुभा नर्सिंग होम के सभी कर्मचारीगण उपस्थित थे। शुभा नर्सिंग होम के संचालिका डॉ. सुजाता पटेल का जन्मदिन भी मनाया गया। आभार प्रदर्शन शुभा नर्सिंग होम के अध्यक्ष डॉ. भागेश्वर पटेल ने किया।

### पेट दर्द से परेशान था मरीज, चिकित्सकों ने आपरेशन कर निकाला 3.5 किलो का ट्यूमर



**महासमुंद।** महासमुंद के बरोंडा चौक स्थित जैन नर्सिंग होम में गुर्दा किडनी रोग के मरीजों के लिए मेडिकल एवं सर्जिकल दोनों प्रकार का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा नवीन सुविधाओं के साथ प्रारंभ किया गया है। विगत दिनों किडनी (गुर्दा) के ट्यूमर का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक कर वर्षों से कष्ट झेल रहे मरीज को राहत पहुंचाई गई। जैन नर्सिंग होम के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. स्मित चोपड़ा ने बताया कि कि वर्षों से पेट दर्द की बीमारी से पीड़ित मरीज इलाज के लिए अनेक अस्पतालों में भटकता रहा, परंतु, उसे राहत नहीं मिली। जैन नर्सिंग होम में डॉ. स्मित चोपड़ा द्वारा विस्तृत जांच करने पर पता चला कि मरीज की बायीं किडनी में बड़ा ट्यूमर है, जिसका वजन लगभग 3 किलो होगा। मरीज की संपूर्ण जांच के पश्चात मूत्र रोग सर्जन (यूरोलॉजिस्ट) डॉ. राजेश अग्रवाल के साथ निश्चेतना रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष केसरवानी एवं पांच अन्य लोगों की टीम ने सफलतापूर्वक मरीज का ऑपरेशन कर बड़ा सा ट्यूमर बायीं किडनी से निकला, जिसका वजन 3.5 किलोग्राम था। मरीज को होश आने पर उसने पेट दर्द की शिकायत से आराम बताया।

# मानव तीर्थ केंद्र का स्थापना दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

समीपस्थ ग्राम कठिया में अक्षय तृतीया पर अम्बा बुआ के सानिध्य में मानव तीर्थ की 8वीं स्थापना दिवस मनाया गया। यहां हुए अब तक की उपलब्धियों के बारे में साधनजी ने उपस्थित सभी को लोगों को बताया कि मानव तीर्थ में अध्ययन का 6 वर्ष जुलाई में पूरे होने वाला है। अब तक सभी बैच के अध्ययनार्थी निष्ठा पूर्वक 3 वर्ष पूरे किये हैं। मानव तीर्थ अपने सभी पूरक केंद्रों सहित मध्यस्थ दर्शन पर आधारित जीवन शैली के साथ परिवार व्यवस्था में जीने के लिए प्रेरित करता है। साथ ही संस्थान के आगामी योजनाओं को भी साझा किया गया।

# आत्मानंद विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सरायपाली के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। परीक्षा प्रभारी नरेश पटेल एवं प्रवीण तिवारी ने बताया कि कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 98.30 प्रतिशत, 12वीं विज्ञान समूह का 95.55 प्रतिशत एवं 12 वीं कॉमर्स का 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में भारती पटेल ने 95.67 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय सिद्धि गर्ग 94.33 एवं तृतीय तमन्ना पटेल 93.83 प्रतिशत प्राप्त किया। कक्षा 12वीं विज्ञान समूह में निहारिका मिर्धा 83.80 प्रतिशत के साथ प्रथम, पूजा पटेल 82.00 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं चांदनी साहू ने 80.80 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 12वीं कॉमर्स में चंदन साहू 80.80




प्रतिशत के साथ प्रथम, मिहिर अग्रवाल 78.40 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं निलेश पटेल 77.00 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में 59 विद्यार्थियों में से 48, कक्षा 12वीं विज्ञान समूह में 45 विद्यार्थियों में से 29 एवं 12वीं कॉमर्स में 20 में से 16 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार पटेल ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष जताया। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय के शिक्षक लता साहू, महेश नायक, प्रदीप नारायण सेठ, मीना एस प्रकाश, नरेश पटेल, जालंधर वर्गे, सुब्रत प्रधान, रेखा पुरोहित, प्रवीण तिवारी, दिनेश कर, लक्ष्मी चौधरी, उमा नायक, हरीश चौधरी, ज्योति सलूजा, शिवेंद्र सिंह, मौसमी माथुर, मंजिला चौधरी, हिमाद्री प्रधान, नेहा दास, गुलाब चौहान, साकेत रजवाड़े एवं समस्त स्टॉफ ने हर्ष जताया है।

## मोहान में भागवत कथा समापन ...



**भवानीपुर-मोहान।** ग्राम मोहान में आयोजित भागवत कथा का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में पं. रूपेश जी महाराज ने श्रद्धालुओं से कुंड में हवन कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हवन में आहुतियां दीं।

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी।
समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### भारतीय जूनियर हॉकी टीम में अनिशा का चयन विधायक संदीप ने दी बधाई



**पलारी।** राजनांदगांव जिले की बेटी अनिशा साहू का चयन ब्रेडा नीदरलैंड में 18 से 31 मई तक आयोजित टूर ऑफ यूरोप अंडर–21 बालिका हॉकी चौंपियनशिप के लिए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम में किया गया है। वहीं हाकी टीम में चयन होने पर साहू समाज के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कसडोल विधायक संदीप साहू ने उन्हें बधाई दी। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भारत सहित बेल्जियम, जर्मनी तथा मेजबान ब्रेडा नीदरलैंड चार देशों की हॉकी टीमें भाग लेगी।

### सरायपाली में पेट्रोल पंप से बाइक की चोरी

**महासमुंद।** पेट्रोल पंप से बाइक की चोरी का मामला सामने आया है। सरायपाली पुलिस ने बताया है कि प्रार्थी शंकर महांती पिता शेषदेव (40) निवासी वार्ड नं. 09 बैतारी ने अपने मोसा क्र सीजी - 06 जीएच -9355 कीमत 20 हजार रुपए को किंग ऑटो केयर पेट्रोल पंप महलपारा से किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लेने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर पर अपराध कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### बागबाहरा में अक्षय तृतीया पर मट्ठा वितरित



**बागबाहरा।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व व भगवान परशुराम की जयंती पर सर्व ब्राह्मण समाज के युवाओं ने मुख्य मार्ग रेलवे स्टेशन चौक पर दोपहर 12 से आम नागरिकों और राहगीरों को मट्ठा पिलाया गया। कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण समाज बागबाहरा के रूपेश तिवारी, धर्मेश शुक्ला, गौरव डीगू मिश्रा, सोमन पांडे, प्रेम दुबे, पंकज शर्मा, अमित शुक्ला, राकेश शर्मा, अनिमेष शर्मा, केके शर्मा, संजय मालवे, धनंजय शर्मा, नितिन व्यास, इशु भाई का सहयोग रहा।

### आत्मानंद में प्रवेश के लिए लॉटरी 14 को

**सरायपाली।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई थी। प्रवेश के लिए लॉटरी 14 मई को विद्यालय में प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ की जाएगी। प्राचार्य मनोज कुमार पटेल ने बताया कि प्रवेश के लिए अंतिम तिथि के पश्चात कक्षा 1 से 12 तक की कक्षाओं में रिक्त सीटों के विरुद्ध 358 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के पश्चात पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची विद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है, जिसका अवलोकन विद्यालयीन समय में किया जा सकता है। प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया 14 मई को की जाएगी जिसके लिए प्रभारी अधिकारी-विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी, समन्वयक - विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार पटेल, सदस्य- संकुल समन्वयक कामता पटेल, शासकीय सेवक पालक सदस्य- चम्पालाल डडसेना एवं अजय प्रधान, विद्यालय शिक्षक सदस्य हरीश चौधरी एवं गजानन प्रधान होंगे।

### जिला गोस्वामी समाज की आमसभा 19 को


**जीजामगांव।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला धमतरी की नई कार्यकारिणी मनोनयन के लिए आम सभा का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व में अध्यक्ष दामोदर पुरी गोस्वामी का कार्यकाल पूर्ण होने के कारण दिनांक 19 मई को महंत विनोद पुरी गोस्वामी देमार के निवास पर दोपहर 12 बजे नई कार्यकारिणी सदस्यों अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यापक के मनोनयन के लिए आम सभा आहूत की गई है। समाज की ओर से जारी विज्ञप्ति में धमतरी गोस्वामी समाज के सभी सदस्यों से आमसभा में उपस्थिति की अपील की गई है।

# भीषण गर्मी में पशुओं के सुरक्षा के लिए दाना-पानी-छाया पर दें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

पशुपालकों को भीषण गर्मी में पशुओं को धूप में रस्सी से बांधने से बचना चाहिए। किसी कारणवश धूप में बिना चारा पानी के बांधकर भूल जाने से अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है। संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं छत्तीसगढ़ ने सभी जिलों के प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारियों को पशुधन के ग्रीष्मकालीन प्रबंधन पर निर्देश सहित पत्र जारी किया है। जारी निर्देश अनुसार पशु गृह में हवा का मुक्त आवागमन सुनिश्चित कर पशुओं को धूप से बचने के लिए पशुशाला के मुख्य द्वार पर खस या जूट की बोरियों के पर्दे लगाने चाहिए। पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए पशु शाला में पंखे, कूलर और स्प्रिंकलर सिस्टम लगाये जा सकते हैं। यह दुधारू पशुओं के लिए उपयुक्त है। पशु शाला में पर्याप्त स्वच्छ पेयजल हमेशा उपलब्ध हो और यह पेयजल छांव में होना चाहिए। पानी और पानी के कुंड को हमेशा साफ रखें। पानी के कुंड की नियमित रूप से चुने से सफाई करनी चाहिए। पशुओं में लू लगने पर पशु चिकित्सक से परामर्श लें। पशुओं को कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन जैसे आटा, रोटी, चावल आदि नहीं खिलाएं। संतुलित आहार के लिए अनाज और चारे का अनुपात 40 रू 60 रखें। गर्मियों के दौरान उगाई जाने वाली ज्वार में जहरीले पदार्थ हो सकते हैं, जो जानवरों के लिए हानिकारक हो सकते हैं, इसलिए वर्षा के अभाव में ज्वार की फसल को पशुओं को खिलाने से पहले दो–तीन बार सिंचाई करना आवश्यक है।

## किसान पशुओं को छांव में रखें, आटा, रोटी और चावल न खिलाए





### मौसमी बीमारी से बचाव के लिए पशुओं को लगवाएं टीका

पशुओं में बरसात के मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए गर्मी में एचएस, एफएमडी, बीक्यू आदि के टीके लगवाने चाहिए। पत्र में अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि पशु शाला के खुले क्षेत्र के आसपास छायादार पेड़ लगाए, जो तापमान को कम करने में सहायक होते हैं। अपने क्षेत्र में चारे की पर्याप्त व्यवस्था और उपलब्धता तथा पशुओं हेतु पेयजल की उपलब्धता स्थानीय निकाय से समन्वय बनाकर सुनिश्चित करें। जिले के सभी पशु चिकित्सा संस्थानों में जीवन रक्षक औषधि का भंडारण सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि जारी पत्र में भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड और छत्तीसगढ़ शासन राजस्व विभाग का प्रबंधन के पत्र का हवाला दिया गया है, जिसमें पशुओं को ग्रीष्मकालीन अवधि में बचाव हेतु आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया है।

## मौसम : प्रशासन ने आम नागरिक को धूप से बचने की अपील की

# बढ़ती गर्मी से लू लगने की आशंका बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार-सरसीवां

ग्रीष्म ऋतु में सूरज की तपिश ज्यादा होने से तापमान में वृद्धि के कारण नागरिकों को लू लगने की संभावना है। इससे आम जनजीवन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसके



मद्देनजर कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने आम नागरिक सहित जिलेवासियों से अपील की है कि धूप में घर से अनावश्यक नहीं निकले। यदि जरूरी हो तो सिर और चेहरे को कपड़े, टोपी से ढके। साथ में पानी की बोतल अवश्य रखें।

कलेक्टर ने जिला अस्पताल सहित समस्त सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के संस्था प्रभारियों को लू से बचाव एवं उपचार हेतु पर्याप्त मात्रा में आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां एवं ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित कर मरीजों का उपचार करने को कहा है। मैदानी स्वास्थ्य अमलों और मितानिनों के माध्यम से लू लगने के लक्षण के कारण और बचाव के उपायों के संबंध में स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। अगर ओआरएस न हो तो घर पर ही एक गिलास पानी में एक चम्मच शक्कर व एक चुटकी नमक मिलाकर जीवन रक्षक घोल तैयार किया जा सकता है। गांव में मितानिनों या डिपो होल्डर के पास ओआरएस और दवाइयां लेकर प्राथमिक उपचार के पश्चात निकट के स्वास्थ्य केन्द्र या चिकित्सक के पास जाकर मरीज को भर्ती कर उपचार कराना चाहिए। लू लगना या हीट–स्ट्रोक, खतरनाक एवं जानलेवा भी हो सकता है।

सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना भूख न लगना बेहोश होना।



### लस्सी, नींबू पानी, छाछ का सेवन करें

पानी पीये भले ही प्यास न लगे, मिर्गी या हृदय, गुर्दे या लीवर से संभावित रोग वाले जो तरल प्रतिबंधित आहार लेते हो या जिनको द्रव्य प्रतिधारण की समस्या है, उनको तरल सेवन बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, घर के बने पेय जैसे– लस्सी, नींबू का पानी, छाछ आदि का सेवन करें।

### अधिक मात्रा में पिए पानी

धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। पानी अधिक मात्रा में पियें। अधिक समय तक धूप में न रहे। गर्मी के दौरान मुलायम सूती कपड़े पहने, ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पिये। चक्कर, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें। शीतल पेयजल पिये, फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श ले। उल्टी, सिर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ले।

### आम पना और जलजीरा का उपयोग जरूरी

बुखार से पीड़ित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगायें, कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटायें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जायें, आंगनबाड़ी मितानिन तथा एएनएम से ओआरएस की पैकेट के लिए संपर्क करें।

# रीवाडीह में हुआ शत-प्रतिशत मतदान




हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत रीवाडीह में विगत दिनों से चुनाव बहिष्कार वाली बात सोशल मीडिया में लगातार वायरल हो रही थी, जिसकी सच्चाई जानने के लिए अधिकारी तुरंत रीवाडीह पंचायत पहुंच कर लोगों से संपर्क कर उन्हें शत प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया था। वहीं ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा अधिकारियों से बताया गया था कि बहिष्कार जैसा कोई बात नहीं है। ग्रामीणों से बात करने पर ओमकेश्वर वर्मा ने कहा कि हमारे पंचायत में 67 प्रतिशत मतदान पूर्ण रूप से शांति पूर्ण संपूर्ण हुआ। हालांकि कुछ दिनों पहले कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा चुनाव बहिष्कार वाली बात सोशल मीडिया पर खूब वायरल की गई, जिसमें गांव की बदनामी हुई। हमारे गांव के लोग शिक्षित और पढ़े लिखे हैं वह कभी इस तरह की बात नहीं कर सकते, लेकिन 67 प्रतिशत मतदान से साफ पता चलता है कि किस प्रकार की कोई बात नहीं थी, अशिक्षित लोगों ने अपने स्वार्थ के लिए इस प्रकार की अफवाह फैलाई थी।

# गुड्डे-गुड़ियां को थाल पर रख टिकावन लेने पहुंचे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

- कार्यक्रम में मंडवा, तिलक, माउर सौंपना, टीकावन की रस्म पूरी की गई

नगर सहित अंचल में शुक्रवार को अक्षय तृतिया पर्व धूमधाम से मनाया गया। धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि इससे पूर्व बाजार में पर्व को लेकर विगत कई दिनों से रौनक नजर आई थी। मिट्टी के पारंपरिक गुड्डे गुड़ियों से सजे बाजार में ग्राहकों की भीड़ देखी गई। घरों में बच्चों ने मंडया सजाकर गुड्डे गुड़ियों का विवाह रचाया। जिस तरह की रौनक शादी में होती है, वहीं स्वरूप आज घरों में दिखाई दिया। छोटे बच्चों में इसे लेकर भारी उत्साह नजर आया। मंडवा, तिलक, माउर सौंपना, टीकावन सभी चीजे परंपरा अनुसार संपन्न हुआ। सोशल मीडिया के जमाने के बाद भी पर्व को लेकर बच्चों में रौनकता देखी गई।



बच्चों ने गुड्डे गुड़ियों को थाल में लेकर सभी से टिकावन लेने पहुंचे। इसके उपरांत बाजा और डीजे की धुन पर पारंपरिक बिहाव गीतों में बच्चे झूमते नजर आए। विदित है कि प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस तिथि की अधिष्ठात्री देवी माता पार्वती हैं। अक्षय का अर्थ है कभी क्षय न होना अर्थात इस तिथि के दिन पूजा–पाठ, दान, स्नान और शुभ कार्य करने से उनका फल अक्षय ही रहता है। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन ही युधिष्ठिर को भगवान श्रीकृष्ण ने अक्षय पात्र दिया था, जिसमें कभी भी भोजन समाप्त नहीं होता था।

# विवाहोत्सव में संयंत्र ने वधू को दिया 25 हजार का उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

श्री फाउंडेशन ट्रस्ट खपराडीह द्वारा ग्राम–भरूवाडीह की कन्या को विवाहोत्सव के अवसर पर 25 हजार रूपये का घरेलू सामान प्रदान किया गया। विदित हो कि ग्राम भरूवाडीह में अभिनेत्री पिता आनंद बंदे की पुत्री परिणय संस्कारोत्सव के तहत उनके माता–पिता की उपस्थिति में संयंत्र द्वारा घरेलू उपयोगी सामान दिया गया। इस अवसर पर ग्राम–भरूवाडीह के सरपंच ने कहा कि संयंत्र द्वारा इस तरह की पहल ग्रामीणों के लिए एक सराहनीय प्रयास है। इसके लिए उन्होंने संयंत्र प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।




संयंत्र के क्लस्टर हेड मनोजकुमार श्रीवास्तव ने कन्या के माता–पिता की उपस्थिति में उपहार स्वरूप घरेलू सामान और आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में संयंत्र के एचआर हेड अनिल कुमार पाठक, सीएसआर हेड अशोक कुमार वर्मा, विरेन्द्र बघेल एवं मनोज भारती आदि उपस्थित थे।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरगांव के युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 10 मई को सुबह करीब 11 बजे रूपनारायण साहू पिता कृपाराम साहू (23) निवासी डोंगरगांव ने अज्ञात कारणों से अपने घर पर फांसी लगा ली। घटना की सूचना मृतक के पिता कृपाराम साहू ने पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

# बोर्ड परीक्षा में छात्रों ने रोशन किया भटगांव का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

नगर भटगांव में 10वीं 12वीं के परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसमें लोटस स्कूल से कक्षा दसवीं के सभी 36 विद्यार्थी 60 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण हुए। वहीं कक्षा 12वीं में 28 विद्यार्थियों में से 10 प्रथम स्थान व 18 छात्र दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा दसवीं में लोटस स्कूल के छात्र प्रियंका देवांगन ने 95 प्रतिशत पाकर प्रथम स्थान बनाई, वही कक्षा 12वीं में रिद्धिमा गुप्ता ने 88 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पर रही। वहीं नगर के सागर स्कूल के कक्षा दसवीं में धमन साहू ने 82 प्रतिशत पाकर प्रथम स्थान पर रहा और कक्षा 12वीं में अनुराग जायसवाल ने 70 प्रतिशत पाकर प्रथम स्थान बनाया। शांभवी पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं के आकांक्षा साहू ने 95 प्रतिशत पाकर प्रथम स्थान बनाई और कक्षा 12वीं में भूदीप साहू ने 77 प्रतिशत पाकर प्रथम स्थान बनाया। करियर प्वाइंट नेशनल स्कूल से युक्ति साहू ने कक्षा दसवीं में 84 प्रतिशत पाकर प्रथम स्थान हासिल की। प्रेम भूवन प्रताप सिंह शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में कक्षा दसवीं के आदित्य प्रेमी ने 90 प्रतिशत पाकर प्रथम रहे और वहीं कक्षा 12वीं में विवेक ने 78 प्रतिशत पाकर प्रथम रहे। स्वामी विवेकानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल से कक्षा दसवीं में आर्या पटेल ने 94 प्रतिशत पाकर प्रथम रही, तो कक्षा 12वीं में हुलेश साहू ने 72 प्रतिशत पाकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नगर के ही कन्या शाला भटगांव में कक्षा दसवीं के छात्र नयना अजय ने 84 प्रतिशत पाकर प्रथम रहा और वहीं कक्षा 12वीं में दिव्या साहू ने 83 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान बनाया। नगर भटगांव के शासकीय व निजी स्कूलों के सभी संस्था प्रमुखों ने व नगरवासियों ने इन उच्च अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

### शाश्वत स्कूल में अनुष्का रहीं प्रथम



बलौदाबाजार। विगत दिनों बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित हुए हैं, जिसमें शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार की छात्र अनुष्का बंजारे ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 96.5 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की है। अनुष्का बंजारे प्राथमिक शाला सोनारदेवरी में पदस्थ शिक्षक भुवन लाल बंजारे एवं कमलेश्वरी बंजारे की पुत्री है। वह प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रही है। उनके इस सफलता पर उनके माता–पिता, शाला परिवार, प्राथमिक शिक्षक शाला परिवार सोनारदेवरी, संकुल केन्द्र सोनारदेवरी के शिक्षक सहित गुरुजनों, सहपाठी एवं इष्ट मित्रों ने बधाई दी।

### तृप्ति साहू ने 12वीं में मारी बाजी



संडी बंगला। बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में बालिकाओं ने बाजी मारी है। गुरुकुल इंग्लिश मिडियम विद्यालय बलौदाबाजार में कक्षा 12वीं के अध्यनरत तृप्ति साहू ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में 85.4 अंक अर्जित कर प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुए हैं। तृप्ति साहू मुड़पार निवासी शिक्षक नरेश साहू की पुत्री है। तृप्ति साहू शुरू से ही प्रतिभाशाली छात्र रही है वे आगे पढ़ाई कर कलेक्टर बनना चाहती है। उनकी सफलता पर मुड़पार सण्डी के ग्राम निवासियों एवं उनकी माता–पिता ने शुभकामनाएं दी।

## बारहवीं में दो छात्राओं ने बाजी मारी और प्रवीण्य सूची में प्राप्त किया स्थान

# टॉप टेन के छात्रों का स्कूल प्रबंधन ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल










नगर पंचायत कसडोल में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के वार्षिक परीक्षा कक्षा दसवीं और बारहवीं में दो छात्राओं ने बाजी मारी और प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त किए। इस उपलक्ष्य में विद्यालय परिवार की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप टेन छात्रों का सम्मान करने कार्यक्रम रखा गया। इसमें सभी छात्र अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित हुए। इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सन्तोष कुमार वर्मा और सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम ने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी। बारहवीं से छात्रा कोपल अम्बस्ट ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किया और छत्तीसगढ़ की टॉप टेन मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त की। इसी तरह से कक्षा दसवीं से निधि साहू ने भी 98% लाकर छग में चतुर्थ स्थान प्राप्त किए। इस तरह से विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसमें कक्षा दसवीं में योगेश कुमार साहू 96.5%, छाया साहू 93.86%, लक्ष्य देवांगन 93.83%, रिशांत साहू 92.66, निहाल सेन 92.16%, अनीशा साहू 91.83%, निधि साहू 91%, आराधना देवांगन 90.66%, मुस्कान कैवर्त्य 89.5%, लक्ष्य देवांगन 89.16.% इसी तरह से कक्षा बारहवीं में इंद्रजीत चेलक 81.8%, अभय अवस्थी 77.6%, गरिमा कश्यप 75.6%, प्रेमदास मानिकपुरी 75.6%, राजन साहू 74% प्राप्त किए। इस तरह से सभी श्रेष्ठ अंक लाने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य और समस्त शिक्षकों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

